an>

Title: Need to imbibe the importance of voting and cleanliness among school students.

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत) : हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था में लगभग सभी स्कूलों में बच्चों को रोज सुबह अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान एवं प्रतिज्ञा करवायी जाती है जिससे बच्चे अच्छी शिक्षा एवं अच्छे नागरिक बनने का संकल्प करते हैं।

वर्तमान सरकार द्वारा भारत के भविष्य के लिए जो महत्वपूर्ण विषय उठाये गये हैं और जिनको एक अभियान के रूप में देश ने स्वीकारा है उनमें एक स्वच्छता अभियान, दूसरा "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ " एवं तीसरा विषय जो लोकशाही देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण है वह है मतदान। मेरा मानना है कि बच्चा हर रोज किसी एक विषय से संपर्क में रहता है तो उस विषय का उसके स्वाभाविक जीवन प्रक्रिया का भाग बनने में आसानी होती है।

मेरी सरकार से मांग है कि प्रतिज्ञापत्र में मतदान,स्वच्छता एवं पढ़ाई विषय को सम्मिलित किया जाये।